# विषय : सामाजिक विज्ञान Set-C

नोट: सभी प्रश्न हल कीजिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न है एवं खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।

1. (खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) 'औद्योगिक क्रांति' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था ?
(अ) एंजिल्स (ब) ब्लैंकुई
(स) कार्ल मार्क्स (द) रॉबर्ट ओवन

(ii) भारत की सबसे प्राचीन विरासत है :
(अ) वैदिक सभ्यता (ब) उत्तर वैदिक सभ्यता
(स) सिंधु घाटी सभ्यता (द) महाजनपद कालीन सभ्यता

(iii) भारतीय शासकीय सेवा में पिछड़े वर्ग के लिए कितने प्रतिशत आरक्षण है ?
(अ) 22% (ब) 27%
(स) 36% (द) 17%

(iv) भारत की अर्थव्यवस्था किस प्रकार की है ?
(अ) पूँजीवादी (ब) मिश्रित
(स) समाजवादी (द) इनमें से कोई नहीं

(v) जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में भारत का स्थान है :
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) तृतीय (द) पंचम

(खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय..............में स्थित है।
(ii) घरेलू हिंसा अधिनियम, वर्ष...........में लागू हुआ।
(iii) वस्तुओं तथा सेवाओं की माँग व आपूर्ति के बीच का अंतर.......कहलाता है।
(iv) किसी क्षेत्र में प्रति वर्ष प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित नवजात बच्चों की संख्या को.......कहते हैं।
(v) कृषि एवं उद्योग एक दूसर के........हैं।

*निर्देश :* प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)

2. औद्योगिक क्रांति से आपका क्या अभिप्राय है ?
3. 'दक्षेस' (सार्क) का पूरा नाम क्या है ?
4. भारत में प्रमुख महाकाव्य कौन-कौन से हैं ?
5. मध्यकाल में किस भाषा को दरबारी भाषा का स्थान मिला ?
6. श्रम कल्याण से क्या तात्पर्य है ?
7. उपभोक्ता की बचत सिद्धांत को वैज्ञानिक स्वरूप किसने प्रदान किया ?
8. प्रादेशिक श्रम-विभाजन से आप क्या समझते हैं ?
9. छत्तीसगढ़ विधान सभा में कितने सदस्य हैं ?

*निर्देश :* प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

10. शीत युद्ध के कारणों पर प्रकाश डालिए। (कोई *तीन*)
11. भारतीय संस्कृति की कोई **तीन** विशेषताएँ लिखिए।
12. लोक सभा सदस्य की **तीन** योग्यताएँ लिखिए।
13. उपभोक्ता बचत के किन्हीं **तीन** महत्व पर प्रकाश डालिए।
14. भारत में जनसंख्या वृद्धि के **तीन** कारणों का उल्लेख कीजिए।
15. श्रम-विभाजन से उत्पादकों को क्या लाभ होता है ? लिखिए। (कोई **तीन**)

***निर्देश :*** **प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)**

16. नाजीवाद के किन्हीं **चार** लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

जापान में राष्ट्रवाद के उत्कर्ष के कोई **चार** कारण लिखिए।

17. संयुक्त राष्ट्र संघ की किन्हीं **चार** सफलताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्य लिखिए।

18. स्वतंत्रता के बाद महिला सशक्तीकरण हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित किन्हीं **चार** योजनाओं की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को समझाते हुए उसे लागू करने के उद्देश्य बताइए।

19. भारत में मूल्य वृद्धि के कोई **चार** कारण लिखिए।

**अथवा**

बेरोजगारी निवारण के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे किन्हीं **चार** कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

20. हरित क्रांति किसे कहते हैं ? इसकी विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

खरीफ एवं रबी की फसल में कोई **चार** अंतर लिखिए।

21. निर्माण उद्योग को प्रभावित करने वाले किन्हीं **चार** कारकों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भिलाई में इस्पात संयंत्र के स्थानीयकरण के कारण लिखिए।

*निर्देश :* प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है)

22. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :
(*a*) चिल्का झील (*b*) दिल्ली
(*c*) शिवालिक श्रेणी (*d*) छोटा नागपुर का पठार
(*e*) ताप्ती नदी

**अथवा**

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :
(*a*) मन्नार की खाड़ी (*b*) महानदी

(*c*) थार का मरुस्थल (*d*) कान्हा किसली

(*e*) नीलगिरि पर्वत

23. "एशिया और अफ्रीका में साम्राज्यवाद के विकास की अनुकूल परिस्थितियाँ थीं। समझाइए।

**अथवा**

साम्राज्यवाद के **पाँच** सकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

24. "लोक सभा, राज्य सभा से अधिक शक्तिशाली है।" समझाइए।

**अथवा**

ग्राम पंचायत के कार्यों को लिखिए।

25. तापीय विद्युत और जल विद्युत में अंतर लिखिए। (कोई ***पाँच***)

**अथवा**

ऊर्जा के किन्हीं **पाँच** गैर-परंपरागत साधनों को समझाइए।

***निर्देश*** **: प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है)**

26. मृदा के किन्हीं छः प्रकारों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

वनों से क्या-क्या लाभ होते हैं ? समझाइए।

27. द्वितीय विश्व युद्ध के परिणामों को छः बिन्दुओं में समझाइए।

**अथवा**

जर्मनी में नाजीवाद के उदय के क्या कारण थे ? इन्हें छः बिन्दुओं में उल्लेख कीजिए।